# M.A. 2nd Semester (CBCS) Examination-2025
## Anuwad Sahitya
## Course- TS- 201
अनुवाद सिद्धांत II

**Full Marks – 40** **Time- 2 Hours**

**2×10= 20**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

क) अनुवाद प्रक्रिया में प्रेषक, माध्यम, पाठ और पाठक की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

अथवा

मशीनी अनुवाद की प्रक्रिया, सीमाएँ एवं उससे जुड़ी प्रमुख चुनौतियों का विवेचन कीजिए।

ख) रचनात्मक अनुवाद और चिंतन के प्रमुख सिद्धांतकारों जैसे वाल्टर बेंजामिन और व्लादिमीर नोबकोव के योगदान का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

साहित्यिक अनुवाद की प्रक्रिया, सीमाएं और चुनौतियाँ क्या हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**3×5=15**

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

क) डबिंग और सब-टाइटलिंग के अनुवाद संबंधी पहलुओं पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

ख) पुनरीक्षण एवं मूल्यांकन के विभिन्न चरणों का उल्लेख कीजिए।

ग) सारानुवाद और संक्षिप्तानुवाद की उपयोगिता पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

घ) बाथगेट के अनुवाद संबंधी दृष्टिकोण पर विचार कीजिए।

ङ) स्रोत भाषा और लक्ष्य भाषा में क्या अंतर है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**5×1= 5**

**3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

क) 'अनुवाद सिद्धांत और समस्याएं' पुस्तक के लेखक का नाम लिखिए।

ख) J C Catford (जे सी केटफोर्ड)के एक ग्रंथ का नाम लिखिए।

ग) 'You have to work consistently to achieve your goal'- हिंदी में अनुवाद कीजिए।

घ) 'पुनरीक्षण' का अंग्रेजी रूप लिखिए।

ङ) 'तुम्हें अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए'- अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए।

---

# M.A. 2nd Semester (CBCS) Examination-2025
## Anuwad Sahitya
## Course- TS- 202
## अनुवाद प्रशिक्षण

**Full Marks – 40** **Time- 2 Hours**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2×10= 20**

क) अनुवाद में स्रोत भाषा और लक्ष्य भाषा से क्या तात्पर्य है ? स्रोत भाषा से लक्ष्य भाषा में अनुवाद करते समय पालन किए जाने वाली प्रक्रिया का विस्तारपूर्वक वर्णन।

अथवा

स्वत्वाधिकार के नियमों और अनुवाद में उसके महत्व का वर्णन कीजिए।

ख) अनुवाद प्रशिक्षण का महत्व बताते हुए अनुवाद में पारिभाषिक शब्दावली और मुहावरों की विशिष्टता लिखिए।

अथवा

अनुवाद की दक्षता को स्पष्ट करते हुए अनुवाद में मुहावरों और लोकोक्तियों के अनुवाद की कठिनाइयों पर प्रकाश डालिए।

**3×5=15**

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

क) अनुवाद में पाठ के महत्व पर प्रकाश डालिए।

ख) स्वत्वाधिकार अधिनियम का वर्णन कीजिए ?

ग) अनुवाद के शाब्दिक और संदर्भगत अर्थ क्या है?

घ) अनुवाद में कहावतें और प्रयुक्तियों का क्या महत्व है?

ङ) अनुवाद प्रशिक्षण के प्रमुख भाषिक आयामों का वर्णन कीजिए।

**5×1= 5**

**3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

क) 'जहाँ चाह वहाँ राह' मुहावरे का अंग्रेजी पर्याय लिखिए।

ख) 'Better late than never' का हिंदी परया लिखिए।

ग) 'सुमित्रानंदन पंत प्रकृति के सुकुमार कवि हैं' वाक्य को अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।

घ) 'डूबते को तिनके का सहारा' का हिंदी आशय लिखिए।

ङ) अनुवाद कला : सिद्धांत और प्रयोग पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

---

# M.A. 2nd Semester (CBCS) Examination-2025
## Anuwad Sahitya
## Course- TS- 203
## अनुवाद के साधन और उपकरण

**Full Marks – 40** **Time- 2 Hours**

2×10= 20

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

क) कोश की अवधारणा स्पष्ट करते हुए इसके उपयोग की प्रविधि पर चर्चा कीजिए।

अथवा

कोशविज्ञान का अर्थ स्पष्ट करते हुए कोशों के प्रकार और परम्परा पर प्रकाश डालिए।

ख) कोश निर्माण की प्रक्रिया स्पष्ट करते हुए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

अथवा

पारिभाषिक शब्दावली की अवधारणा और विकास पर विस्तार से चर्चा कीजिए।

3×5=15

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

क) शब्दकोश निर्माण में कम्प्यूटर के उपयोग पर चर्चा कीजिए।

ख) ऑनलाइन कोश का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

ग) पांच पारिभाषिक शब्दावली बताइए और उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

घ) अनुवाद में पारिभाषिक शब्दों के प्रयोग से आप क्या समझते है ? संक्षेप में बताइए।

ङ) कंप्यूटर अनुवाद में कोशों की उपयोगिता पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 5×1= 5

क) 'अनुवाद विज्ञान : सिद्धांत एवं प्रविधि' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

ख) 'कोश' का सबसे प्राचीन नाम क्या है ?

ग) 'पुस्तक समीक्षा' का अंग्रेजी पर्याय लिखिए।

घ) 'Compensatory Leave' का हिंदी पर्याय लिखिए।

ङ) 'पारिभाषिक शब्दावली' को अंग्रेजी में क्या कहा जाता है ?

---

# M.A. 2nd Semester (CBCS) Examination-2025
# Anuwad Sahitya
# Course- TS- 204
# अनुवाद और जनसंचार

**Full Marks – 40** **Time- 2 Hours**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2×10= 20**

क) रेडियो एवं टीवी समाचारों के अनुवाद की प्रक्रिया और उसमें आने वाली भाषाई समस्याओं का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

डिजिटल युग में अनुवाद की गुणवत्ता बनाए रखने की चुनौतियाँ और तकनीकी समाधान पर विस्तार से चर्चा कीजिए।

ख) विज्ञापन में अनुवादक की भूमिका क्या है ? सांस्कृतिक संदर्भों और रचनात्मकता की दृष्टि से उदाहरण सहित विश्लेषण कीजिए।

अथवा

दक्षिण एशिया में सामुदायिक मीडिया और तकनीकी विकास के संदर्भ में अनुवाद की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3×5=15**

क) विज्ञापन अनुवाद बनाम साहित्यिक अनुवाद की तुलना कीजिए।

ख) प्रिंट मीडिया में भाषा की शुद्धता को बनाए रखने की रणनीतियाँ बताइए।

ग) डिजिटल युग में दृश्य संप्रेषण और अनुवाद में तकनीकी उपकरणों की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए।

घ) डबिंग का महत्व बताइए।

ङ) रंगमंचीय अनुवाद और फिल्म अनुवाद में क्या अंतर है?

**3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **5×1= 5**

क) विज्ञापन अनुवाद में 'स्थानीयकरण' का क्या अर्थ है ?

ख) नव-मीडिया का एक उदहारण दीजिए ?

ग) हिंदी रंगमंच में सर्वाधिक अनुदित लेखक कौन हैं ?

घ) 'अनुवाद शतक' पुस्तक के लेखक का नाम लिखिए।

ङ) 'कार्यक्रम रूपांतरण' के लिए प्रयुक्त अंग्रेजी शब्द लिखिए।

---

# M.A. 2nd Semester (CBCS) Examination-2025
## Anuwad Sahitya
## Course- TS- 205
## प्रयोजनमूलक हिंदी

**Full Marks – 40** **Time- 2 Hours**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2×10= 20**

क) प्रयोजनमूलक हिंदी के भाषिक स्वरुप को स्पष्ट करते हुए उनकी प्रयुक्तियों वर्णन कीजिए।

अथवा

प्रशासनिक भाषा के स्वरुप को परिभाषित करते हुए उसके विकास क्रम में खड़ीबोली की स्थिति को स्पष्ट कीजिए।

ख) पारिभाषिक शब्दावली के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

अथवा

वैज्ञानिक और तकनीकी हिंदी के भाषिक स्वरुप को स्पष्ट कीजिए एवं साहित्यिक हिंदी से उसकी भिन्नता स्पष्ट कीजिए।

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3×5=15**

क) संविधान में हिंदी की स्थिति पर एक टिपण्णी लिखिए।
ख) प्रशासनिक पत्राचार के विविध रूप पर संक्षिप्त टिपण्णी लिखिए।
ग) नौकरी की बहाली हेतु जन सामान्य के लिए एक ज्ञापन लिखिए।
घ) राजभाषा अधिनियम 1976 में प्रस्तावित मुख्य तथ्यों को लिखिए।
ङ) 'विज्ञापन में हिंदी की अहम् भूमिका है।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

**3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **5×1= 5**

क) Agreement शब्द का हिंदी पर्याय लिखिए।
ख) समायोजन शब्द का अंग्रेजी पर्याय लिखिए।
ग) जनसंचार के दो सहायक अंग क्या-क्या हैं? लिखिए।
घ) संपर्क भाषा किसे कहते हैं ?
ङ) विज्ञापन को अंग्रेजी में क्या कहते हैं ?

---